
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# उतराखंड की जनता ने मौका दिया तो सुधारेंगे शिक्षा व स्वास्थ्य की दशा

## 2022 के चुनाव को आम आदमी पार्टी पुरोला विधानसभा में हुई सक्रिय

**मंथन**

- गांव, कस्बों में बैठकों का दौर किया शुरू,जल्द होगा कार्यकारिणी को विस्तार
- न्याय पंचायत स्तर तक संगठन के विस्तार व चुनावी रणनीति को लेकर मंथन

**संवाददाता**

पुरोला। बैंक प्रबंधक से सेवानिवृत्त व कांग्रेस प्रदेश सचिव पद पर रह चुके हरिमोहन जुवांठा के तीन सप्ताह पूर्व आम आदमी पार्टी में शामिल होते ही पुरोला विधान सभा में आम पार्टी की हलचल तेज हो गई है। हरिमोहन जुंवाठा के नेतृत्व में पार्टी की विचार धारा जनजन तक पंहुचाने को पार्टी संगठन अभी से 2022 विधान सभा चुनावी तैयारियों में जुटकर गांव कस्बों व नगर पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान समेत लोगों तक पार्टी की विचार धारा पंहुचानें में जुट गई है।

मंगलवार को पुरोला नगर क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बैठक कर ग्रामीण क्षेत्रों तक संगठन के विस्तार की रणनीति पर विचार विमर्श किया।




वहीं हाल ही में आम आदमी में शामिल हुए हरिमोहन जुवांठा,पार्टी के पूर्व संयोजक देवी प्रसाद बिजल्वाण ने केंद्र सरकार पर उतराखंड की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए किसान,मजदूर,महिला, बेरोजगार विरोधी बताया। कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का भय दिखाकर सुविधाओं के नाम पर जनसामान्य को परेशानियों के सिवाय कोई व्यवस्थाएं नहीं दी रही है अस्पतालों में डॉक्टर्स नही हैं,स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमी है,उन्होंने केंद्र सरकार पर भी किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए किसान बिल को धोखा व किसानों की उपज को बड़े उधोगपतियों के हाथों में बेचने का प्रपंच बताया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लोग भाजपा कांग्रेस की मिलीभगत से 20 सालों से परेशान हैं लोग तीसरे विकल्प की तलाश में हैं तथा आम आदमी पार्टी ही उतराखंड में एक विकल्प बन सकती है। उन्होंने कहा कि यदि उत्तराखण्ड की जनता ने आप पार्टी को सेवा का मौका दिया तो आम आदमी पार्टी दिल्ली की तर्ज पर उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव लाएगी व पर्यटन–तीर्थाटन को विकसित कर पलायन को रोकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता उतराखंड में सरकारी संस्थानों को बढ़ावा देकर सरकारी खर्च पर व्लाक स्तर पर डिग्री व कोचिंग सैंटर संचालित कर गांव–कस्बों के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सफलता तक पंहुचाना प्राथमिकता होगी।

बैठक में पार्टी के दौलतराम बडोनी,भूंपाल गुसाईं बृजमोहन रावत,बलवीर नौटियाल,भरत सिंह नेगी, अवतार असवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### एसएफआई कार्यकर्ताओं ने एचएनबी प्रशाशन का पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया

**संवाददाता** देहरादून। एचएनबी गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अमर शहीद भगत सिंह के पोस्टर फाडे जाने के विरोध में एसएफआई कार्यकर्ताओं ने एचएनबी गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया। मंगलवार को एसएफआई के कार्यकर्ता करनपुर क्षेत्रीय कार्यलय में इकटठा हुए और वहां से नारे लगाते हुए डीएवी (पी. जी) कॉलेज के गेट पर पहुंचे और जहां पर एचएनबी गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अमर शहीद भगत सिंह के पोस्टर फाडे जाने के विरोध में एसएफआई कार्यकर्ताओं ने एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया और कहा कि जिस प्रकार से विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह हरकत की है उसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा।

### द्वाराहाट विधायक महेश नेगी भी हुए कोरोना संक्रमित

**संवाददाता** देहरादून। द्वाराहाट विधायक महेश नेगी भी कोरोना संक्रमित हो गये हैं और इसकी पुष्टि विधायक महेश नेगी ने स्वयं की है। यहां मिली जानकारी के अनुसार द्वाराहाट के विधायक महेश नेगी गुरुग्राम के आरटेनिस अस्पताल में भर्ती है। विधायक महेश नेगी ने अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। इस अवसर पर विधायक महेश नेगी ने मुख्यमंत्री से द्वाराहाट क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण की मंजूरी देने का अनुरोध किया है और फेसबुक पोस्ट पर विधायक महेश नेगी लिखा कि स्वास्थ्य संबंधी कारण से गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती हैं।

### हार्पिक सफाई और डिसइनफेक्शन के महत्वा पर डाल रहा है प्रकाश

**संवाददाता** देहरादून। पिछले 100 वर्षों सेए हार्पिक पूरी दुनिया को सफाई और स्वच्छध्ता समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। भारत में टॉयलेट सफाई श्रेणी में अग्रणी होने के नाते, हार्पिक दशकों से भारतीय घरों में सफाई और स्वच्छता का नेतृत्व कर रहा है। हार्पिक टॉयलेट क्लीनर और हार्पिक बाथरूम क्लीनर दोनों का परीक्षण अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त, स्वकतंत्र प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया है और यह पाया गया है कि बिना पानी में मिलाय यह 99.9 प्रतिशत किटाणुओं और कोविड–19 वायरस को प्रभावी ढंग से मारने में सक्षम हैं। सुखलीन अनेजा, सीएमओ और मार्केटिंग डायरेक्टर, आरबी हाईजीन, साउथ एशिया ने कहा, पिछले 100 सालों से हार्पिक पूरी दुनिया में सफाई और स्वच्छता समाधान उपलब्ध कराने में चौम्पियन रहा है। इसके संवाद व्यवहार में परिवर्तन लाने पर केंद्रित रहे हैं।

## कैसर से जूझ रही गोविंदी देवी कर रही मदद की फरियाद

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ की बिण निवासी श्रीमती गोविंदी देवी कैसर जैसी बीमारी से जूझ रही है। कई बार इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती हो चुकी गोविंदी देवी को बिना स्वास्थ कार्ड व आधार कार्ड के बगैर जिले के स्वास्थ महकमे ने मुख्यालय से बाहर इलाज के लिए रेफर करने से मना कर दिया है ।

बता दे कि गोविंदी के पति व बड़े पुत्र की पहले ही मौत हो चुकी है। वर्तमान मे गोविंदी देवी अपने भतीजे व बहु के साथ रह रही है। गोविदी देवी की उम्र करीबन अस्सी साल के आसपास हो चुकी है। गोविंदी देवी के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक है। उनके सिर से उनके पति व पुत्र का साया उठ चुका है।

लबे समय से गोविंदी देवी कैसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रही है। कैसर की बीमारी से जूझ रही गोविन्दी देवी का स्वास्थ कार्ड अब तक नहीं बन पाया है। आधार कार्ड भी न बन पाने के कारण गोविंदी देवी इलाज कराने को लेकर दर दर की ठोकरें खानें को मजबूर हो रही है।

गोविंदी देवी अब अपने इलाज की मदद को लेकर जिले के समाज सेवी संगठनों व जिला प्रशासन से मदद की गुहार की लगा रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण गोविंदी देवी इलाज के लिए दर दर की ठोकरें खानें को मजबूर हो रही है।

## सूखाग्रस्त क्षेत्र के हर किसान परिवार को दस हजार रूपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाय

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और उत्तराखंड वनाधिकार कांग्रेस के प्रणेता किशोर उपाध्याय ने सूखे के कारण तबाह हो चुके प्रदेश के सीमांत क्षेत्र के किसानों को तुरन्त राहत पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को पत्र लिखा है।

किशोर उपाध्याय ने कहा कि सरकारी वसूलियाँ तुरन्त स्थगित की जायँ, सूखाग्रस्त क्षेत्र के हर किसान परिवार को दस हजार रूपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाय, बैंक ऋण माफ किये जाये और बिजली–पानी के बिल सरकार वापस ले। उन्होंने कहा कि राज्य में वनाधिकार कांग्रेस के एजेण्डे को लागू किया जाय।

जंगलों पर पुश्तैनी और कस्टमरी हक–हकूक और अधिकार बहाल किये जायँ और उनका आकलन कर क्षतिपूर्ति दी जाय। उपाध्याय ने कहा कि "मैंने अभी प्रदेश के विभिन्न भागों का भ्रमण किया है

### किशोर उपाध्याय ने सीएम और कृषिमंत्री को पत्र लिखा

और कोरोना वायरस कोविड–19 संक्रमण के दौर में दिये गये सरकारी निर्देशों के पालन करते हुये गरीब सीमान्त किसानों की दुर्दशा के वह स्वयं प्रत्यक्षदर्शी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है, कोरोना की बीमारी के कारण मजबूरी में बाहर गये कमाऊ पूत वापस अपने घर आ गये हैं और बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, अवसादग्रस्त हो रहे हैं या यों भी कह सकते हैं कि परिवार पर बोझ बनते जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर अतिवृष्टि ने किसानों को जन और धन की हानि पहुँचाई है।

उन्होंने कहा कि इस समय पर्वतीय क्षेत्र का अधिकांश भाग सूखे की मार झेल रहा है। आप तो जानते ही हैं, पहाड़ी क्षेत्र की खेती–किसानी बारिश पर निर्भर है। पर्याप्त पानी न बरसने के कारण पहाड़ी क्षेत्र का काश्तकार भुखमरी की कगार पर है।

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पर प्राथमिकता से फोकस करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पर प्राथमिकता से फोकस करें। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने यह निर्देश आयोजित डीएलआरसी (जिला स्तरीय समीक्षण समिति) की बैठक में बैंकर्स और लाईन डिपार्टमेंट को दिये।

उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य सरकार की एक अति महत्वकांशी योजना है और कोविड–19 के दौरान अपने घर लौटे प्रवासियों को स्वरोजगार देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गयी है। अतः इस योजना को विशेष प्राथमिकता से लिया जाय तथा

### आवेदनों को 15 अक्टूबर तक निस्तारित करना सुनिश्चित करें

बैंक स्तर पर योजना से सम्बन्धित लम्बित सभी आवेदनों को 15 अक्टूबर तक शत् प्रतिशत् निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस सम्बन्ध में गठित की गयी ऑडिट कमेटी की नियमित बैठक करते रहने और बैंकों के स्तर पर स्वरोजगार ऋण से सम्बन्धित लम्बित आवेदनों की पड़ताल करते हुए पेंन्डेंसी को शून्य स्तर पर लाने के निर्देश दिये। इस योजना में जिन बैंकों की परफॉरमेंस सन्तोषजनक नहीं रही जिलाधिकारी ने उन बैंकों के डीजीएम से दूरभाष के माध्मय से सम्पर्क कर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने स्ट्रीट वेन्डर कल्याण को समर्पित स्ट्रीट वेन्डर आत्मनिर्भर निधि (प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना) की सभी प्रकार की पैंडेंसी को भी 15 अक्टूबर तक हरहॉल में निपटाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी सार्वजनिक और प्राईवेट बैंकर्स को निर्देशित किया कि जिन बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमा अनुपात) 35 प्रतिशत् से नीचे है वे तत्काल अपनी प्रगति में सुधार करते हुए पूर्व में दिये गये लक्ष्य के अनुरूप सुधार करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कृषि सैक्टर को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से प्रयास करने तथा प्रधानमंत्री कृषि बीमायोजना और पशु एवं पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना पर भी विशेष फोकस करने के निर्देश दिये।

## जिनकी कुर्बानी व बलिदान से राज्य बना उनकी घोर उपेक्षा कीः प्रमिला रावत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल की महिला प्रकोष्ठ की केन्द्रीय अध्यक्ष प्रमिला रावत ने कार्यकारिणी का गठन कई पदाधिकारियों को स्थान दिया है। मंगलवार को दल के कचहरी रोड स्थित केन्द्रीय कार्यालय में कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि शकुन्तला रावत को संरक्षक, चन्द्रा सुन्दरियाल व सुलोचना बहुगुणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मीनाक्षी घिल्डियाल को गढ़वाल मंडल प्रभारी, राजकुमारी, मनू गर्ग व सीमा उप्रेती को संगठन मंत्री, अंजू पटेल व देवी थापा, निशा भाटिया को प्रचार मंत्री बनाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के लिए महिलाओं का योगदान अहम रहा है और राज्य बन जाने के बाद महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय व कष्टप्रद हुई है ओर पिछले 20 वर्षों में भाजपा व कांग्रेस में दस दस साल सत्ता का सुख भोगा और जिनकी कुर्बानी व बलिदान से राज्य बना उनकी घोर उपेक्षा की है।